NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/75/21

Date : 4.6.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– रेलवे आवास/कार्यालय में ए.सी. शीट/जी.आई. शीट/ व रूफ टाइल्स के बरान्डे व छत को आर.सी.सी. में परिवर्तित करने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– NCRES का पी.एन.एम. मद संख्या 14/8/13

महोदय,

NCRES द्वारा रेल कर्मचारियों को हो रही परेशानियों को देखते हुये पी.एन.एम. के माध्यम से नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में ए.सी. शीट/जी.आई शीट, रूफ टाइल्स के बने आवास/कार्यालयो के बरान्डे व छत को आर.सी.सी. में परिवर्तित करने का मुद्दा कई वर्ष पूर्व उठाया गया था।

अवगत कराना है कि प्रत्येक PNM बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा होती है लेकिन पिछले 7 वर्षो में अपेक्षित परिणाम नही मिला। वर्ष 2019 की PNM बैठक में NCRES को अवगत कराया गया कि झांसी और आगरा मण्डल में सर्वे कराकर चरणबद्ध तरीके से शीट व रूफ टाइल्स की छतो को RCC में बदला जा रहा है और प्रयागराज मण्डल ने सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रधान कार्यालय भेजा है जल्द ही चरण बद्ध तरीके से कार्य सम्पन्न कराया जायेगा।

NCRES द्वारा सर्वे रिपोर्ट मांगने पर कहा गया कि एक माह में सर्वे व प्रगति की रिपोर्ट दी जायेगी, लेकिन खेद का विषय है कि प्रयागराज मण्डल के सर्वे व प्रगति की रिपोर्ट अभी तक नही मिल पाया। NCRES को ज्ञात हुआ है कि प्रयागराज मण्डल में अभी तक सर्वे का कार्य ही पूरा नही हुआ और न ही किसी आवास/कार्यालय के बरान्डे व कमरे की छत को RCC में परिवर्तित किया गया है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि झांसी और आगरा मण्डल की तरह प्रयागराज मण्डल में भी आवासो/कार्यालयों में AC शीट/रूफ टाइल्स की छतो को RCC में परिवर्तित करने का निर्देश जारी करने का कष्ट करे जिससे कर्मचारियों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके व पी.एन.एम. के मद को समाप्त किया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री